DELHI NCR
हरियाणा

**Haryana News: झज्जर में नकली सिगरेट की फैक्ट्री पर छापेमारी, नामी कंपनी की डिब्बियां बरामद**




**Jhajjar news:** बहादुरगढ़ के MIT क्षेत्र की फैक्ट्री नंबर 950 में चल रही नकली सिगरेट बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है. गुप्तचर विभाग और सीएम फ्लाइंग की टीम ने गोल्ड फ्लैक कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधियों और कानूनी सलाहकारों के साथ छापा मारा गया है.

**फैक्ट्री से भारी मात्रा में नकली सिगरेट बरामद**

फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर नकली सिगरेट तैयार की जा रही थी. मौके पर नामी कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि और कानूनी सलाहकार भी पहुंचे. यह कार्रवाई कॉपीराइट अधिनियम के तहत की जा रही है. अधिकारियों ने फैक्ट्री को सील कर दिया है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं.

Source: https://zeenews.india.com/hindi/india/delhi-ncr-haryana/crime/haryana-jhajjar-intelligence-department-and-cm-flying-raid-on-fake-cigarette-factory-gold-flake-company/2849381